## पाठ – 2

## वर्णमाला

**वर्ण** – वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई होती हैं जिसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते।

**वर्ण के प्रकार** –
वर्ण दो प्रकार के होते हैं।
1. स्वर 2. व्यंजन

**स्वर** – हिन्दी में ग्यारह स्वर होते है।
अ आ इ ई उ ऊ ऋ
ए ऐ ओ औ अं अः **(अयोगवाह)**

**व्यंजन** – हिन्दी में तैंतीस व्यंजन होते हैं।
क ख ग घ ङ
च छ ज झ ञ
ट ठ ड ढ ण
त थ द ध न
प फ ब भ म
य र ल व
श ष स ह
क्ष त्र ज्ञ श्र **( संयुक्त व्यंजन )**
ड़ ढ़ **( अतिरिक्त व्यंजन )**

**वर्णमाला** – वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

# अभ्यास

1. नीचे दिए गए चित्रों को देखिए तथा इनके नाम का पहला वर्ण लिखकर बताइए कि वे स्वर हैं या व्यंजन

| | | पहला वर्ण | स्वर/व्यंजन |
|---|---|---|---|
| (क) |  | घ | व्यंजन |
| (ख) |  | ऐ | स्वर |
| (ग) |  | इ | स्वर |
| (घ) |  | थ | व्यंजन |
| (क) |  | श | व्यंजन |

2. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए –
   (क) स्वर संख्या में **ग्यारह** हैं।
   (ख) वर्ण **दो** प्रकार के होते हैं।
   (ग) मुख से निकलने वाली छोटी से छोटी ध्वनि **वर्ण** कहलाती है।
   (घ) व्यंजन संख्या में **तैंतीस** हैं।
   (ड.) वर्ण भाषा की सबसे **छोटी** इकाई है।

3. सही उत्तर पर सही (✔) का निषान लगाइए –
   (क) अतिरिक्त व्यंजनों की संख्या कितनी हैं ?
   दो [✔] तीन [ ] चार [ ]

   (ख) कौन–सा संयुक्त व्यंजन नहीं हैं ?
   क्ष [ ] त्र [ ] ड़ [✔]

   (ग) वर्णों के समूह को क्या कहते है ?
   ध्वनि [ ] शब्द [ ] वर्णमाला [✔]